*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## जीवन जीने का रास्ता दिखाता है योग – प्रो. गिरीश्वर मिश्र

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों का समापन

वर्धा, 28 जून 2016: योग जीवन जीने का रास्ता दिखाता है। निरंतर योग से हम अपने भीतर की नकारात्मक ऊर्जा को




सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तीत कर सकते है। उक्त विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने रखे। वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के समापन पर अध्यक्षीय वक्तव्य दे रहे


थे। हबीब तनवीर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. मनोज कुमार, प्रो. अरबिंद कुमार झा, पतंजलि योग समिति



के अध्यक्ष दामोदर राउत, अनंत टिपले, हरीश मन्ने, आर्ट ऑफ लिविंग के वर्धा जिला संयोजक अरबिंद बालपांडे मंचासीन थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये जिसमें प्रेम कुमार, प्रेरणा ज्योति, आशना सिद्दीकी,



मेघा देशमुख, श्रेया, सायली, अस्मिता, श्याम प्रकाश, सुशील ससाने, नितप्रिया प्रलय, प्रितेश पांडे, आदि ने प्रस्तुतियां



दी। कार्यक्रम की परिकल्पना एवं निर्देशन प्रदर्शनकारी कला विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सतीश पावडे का था। मंच संचालन प्रितेश पांडे ने किया। कार्यक्रम में योग उत्सव स्पर्धाओं के विजेताओं को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने



प्रमाण-पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम में विनोबा योग मंडल के संयोजक अरूण प्रताप सिंह , अमित त्रिपाठी, डॉ. अनवर



अहमद सिद्दीकी, कमल शर्मा तथा योग प्रशिक्षण में सहभागी विद्यार्थियों ने प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की भावना पांडे सहित अध्यापक, अधिकारी एवं विद्यार्थी प्रमुखता से उपस्थित थे।